भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1119
उत्तर देने की तारीख 08 फरवरी, 2023

डाक विभाग की भूमि पर नए डाकघर

1119. श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकर :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में उमरी में स्थित डाक विभाग की भूमि पर अनधिकृत कब्जा है और निर्माण के बाद उसे किराए पर भी दे दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार अनधिकृत रूप से नए कब्जा करने वालों को हटाने और उक्त भूमि पर एक नए डाकघर का निर्माण करने का है, क्योंकि इस क्षेत्र में पिछले 40 वर्षों से डाकघर किराए पर चल रहा है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यह कार्रवाई कब तक किए जाने की संभावना है?

उत्तर

संचार राज्य मंत्री
(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) जी, हां। विभाग को जानकारी है कि नांदेड़ जिले के उमरी में स्थित डाक विभाग की खाली जमीन के एक हिस्से पर अतिक्रमण कर लिया गया है और इस पर अस्थायी ढांचे खड़े कर दिए गए हैं।

(ख) से (घ) उमरी में उक्त भूखंड से अतिक्रमण हटाने के लिए आवश्यक कार्रवाई हेतु विभाग द्वारा इस मुद्दे को ज़िला कलेक्टर, नांदेड़, नगर निगम और पुलिस प्राधिकरण के समक्ष उठाया गया है। “किसी भूखंड पर नए डाकघर भवन का निर्माण प्रचालनगत प्राथमिकता और निधि की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए किया जाता है।”

*****